श्री प्रभुनारायण राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज
रामनगर - वाराणसी

दिनांक : ०६.१२.२०१६

प्रतिष्ठा में,

क्षेत्रीय अधिकारी,
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र,
वाराणसी।

विषय : नवम्बर माह की रिपोर्ट

महोदय,

श्री प्रभुनारायण राजकीय इण्टर कालेज में स्थापित ''**रामनगर की रामलीला**'' व्याख्या केन्द्र का उद्घाटन दिनांक २२ नवम्बर २०१६ को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दी तथा भोजपुरी साहित्य के जाने-माने कवि प्रोफेसर हरिराम द्विवेदी जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के द्वारा किए गये रामचरित मानस पर आधारित कविता पाठ से छात्र आनन्दित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित काशी हिन्दू विश्वद्यालय के कला एवं इतिहास विभाग के प्रोफेसर मारुति नन्दन तिवारी ने रामलीला के महत्त्व को बताते हुए मर्यादापुरुषोत्तम राम के चरित को आत्मसात् करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दयानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफेसर जितेन्द्र नाथ मिश्र ने रामनगर की रामलीला विषय पर अपना सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने रामलीला स्थल के दयनीय दशा की ओर भी लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया।विद्यालय के छात्रों द्वारा मानस पाठ प्रस्तुत किया गया। अध्यक्षीय भाषण इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के परामर्शदाता प्रोफेसर कमलेश दत्त त्रिपाठी ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा संचालन का कार्य श्री लाल बहादुर यादव ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का समायोजन व्याख्या केन्द्र के नोडल अधिकारी डॉ० त्रिलोचन प्रधान के नेतृत्त्व में सम्पन्न हुआ। सम्पन्न कार्यक्रम के फोटो अवलोकनार्थ संलग्न है।

भवदीया
बलराम गुप्ता,
प्रधानाचार्या,
श्री प्रभुनारायण राजकीय इण्टर कालेज,
रामनगर, वाराणसी